# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (09.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 09.06.2025, PAGE-04**

# विवि के कॉलेजों में शुरू होगा स्काउट एंड गाइड

- विषय शुरू करने वाला बीआरएबीयू पहला विवि
- अबतक स्कूलों में होती थी स्काउट गाइड की ट्रेनिंग

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के कॉलेजों में पहली बार स्काउट गाइड शुरू किया जा रहा है। स्नातक चौथे सेमेस्टर में एबिलिटी इनहांसमेंट कोर्स के तहत स्काउट गाइड विषय लांच किया जा रहा है। कक्षा में स्काउट गाइड को सैद्धांतिक तौर पर पढ़ाने के अलावा छात्रों को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। स्काउट गाइड का सिलेबस बनाने के लिए चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। स्काउट एंड गाइड की ट्रेनिंग अबतक स्कूल स्तर पर ही होती थी, लेकिन बीआरएबीयू पहला विवि बनने जा रहा है, जहां कॉलेज में स्काउट गाइड की ट्रेनिंग दी जायेगी। विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि स्काउट गाइड छात्रों के लिए फायदेमंद होगा। इसका सिलेबस तैयार हो रहा है। नये सत्र से प्रशिक्षण को वीसी से आदेश लिया जायेगा। उसके बाद कॉलेजों में इसे शुरू किया जायेगा। स्नातक चौथे सेमेस्टर में इस की पढ़ाई होगी। विषय 100 नंबर का होगा। 70 नंबर थ्योरी व 30 नंबर की प्रैक्टिकल परीक्षा होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:09.06.2025**
**PAGE-04**

## पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आज से

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-26 की परीक्षा सोमवार से होगी। इस परीक्षा में 11 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

परीक्षा का केंद्र विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन में बनाया गया है। परीक्षा के लिए सभी विषयों को आठ समूहों में बांटा गया है। पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दो जुलाई तक चलेगी। पहले दिन ग्रुप ए और बी की परीक्षा होगी। ग्रुप ए में संस्कृत, कॉमर्स, संस्कृत और भोजपुरी विषय को रखा गया है और ग्रुप बी में हिस्ट्री, म्यूजिक और मैथिली विषयों को रखा गया है। इसक एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:09.06.2025, PAGE-04**

# जून के अंतिम सप्ताह में स्नातक थर्ड ईयर परीक्षा की संभावना

- विलंब शुल्क के साथ 13 तक भरा जाएगा फार्म
- पिछले दो सत्र के थर्ड ईयर में फेल छात्रों के लिए अंतिम मौका

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2022-25 के थर्ड ईयर की परीक्षा जून के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। अगले सप्ताह परीक्षा शेड्यूल जारी किया जाएगा। परीक्षा फार्म भराने की प्रक्रिया शुरू है। नौ से 13 जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ कालेजों में परीक्षा फार्म स्वीकार किया जाएगा। सभी कालेजों को कहा गया है कि परीक्षार्थियों की सूची और शुल्क एडमिट कार्ड सेक्शन में जमा करा दें, ताकि समय से एडमिट कार्ड जारी किया जा सके। परीक्षा विभाग की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार जून में परीक्षा निर्धारित है, जबकि सितंबर में फाइनल रिजल्ट जारी होगा। तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड ईयर की यह अंतिम परीक्षा होगी।

सत्र 2022-25 के ऐसे विद्यार्थी, जिनका फर्स्ट और सेकेंड ईयर का रिजल्ट क्लियर है, वे ही इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा में शामिल विद्यार्थी शपथ पत्र के साथ परीक्षा फार्म भरेंगे। विद्यार्थी को इस बात का शपथ पत्र देना है कि स्पेशल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद ही वे थर्ड ईयर के रिजल्ट का दावा करेंगे। यदि स्पेशल परीक्षा में फेल हो गए, तो उनका दावा मान्य नहीं होगा।

**फेल विद्यार्थियों के लिए अंतिम मौका :** दूसरी ओर पिछले दो सत्र के थर्ड ईयर में फेल विद्यार्थियों के लिए भी यह अंतिम मौका होगा। स्नातक सत्र 2020-23 और सत्र 2021-24 के थर्ड ईयर में फेल परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। स्नातक थर्ड ईयर परीक्षा 2025 में भी सफल नहीं हुए, तो उन्हें फिर से स्नातक में एडमिशन लेना होगा। बता दें कि विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 से 4 वर्षीय स्नातक कोर्स लागू हो गया है। इसमें सेमेस्टर सिस्टम है। इस वजह से तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के छात्रों के लिए कोई मौका नहीं मिलेगा। विश्वविद्यालय की ओर से प्रथम और सेकेंड ईयर की स्पेशल परीक्षा भी ली जा चुकी है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.06.2025, PAGE-04**

## पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा आज से

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : नामांकन के दो महीने बाद ही पीजी फर्स्ट की परीक्षा हो रही है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की पीजी सत्र 2024-26 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। इसमें 11 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। पीजी का सत्र नियमित करने के लिए एडमिशन के करीब दो महीने बाद ही परीक्षा ली जा रही है। इस सत्र का नामांकन मार्च तक लिया गया है। 15 अप्रैल से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। मई में ही परीक्षा कराने की तैयारी थी। परीक्षा विभाग ने फार्म भरने की तिथि भी घोषित कर दी, लेकिन रजिस्ट्रेशन सहित अन्य प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण तिथि बढ़ानी पड़ी। विश्वविद्यालय मुख्यालय पर नए व पुराने परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है। दो जुलाई तक लिखित परीक्षा होगी। इसके बाद तीन से 12 जुलाई तक संबंधित विषयों की प्रायोगिक परीक्षा व वायवा के लिए तिथि निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की मानें तो शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 09.06.2025, PAGE-04


# फीस सत्यापन के बाद ही जारी होगा तृतीय वर्ष का एडमिट कार्ड

- इस महीने अंतिम सप्ताह में शुरू हो सकती है तृतीय वर्ष की परीक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

अब आगामी परीक्षाओं के लिए फीस सत्यापन होने के बाद ही एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा. स्नातक सत्र 22-25 के तृतीय वर्ष की परीक्षा के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं. 13 जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरा जाना है. कॉलेजों को पूर्व में ही निर्देश दिये जा चुके हैं कि वे फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही विद्यार्थियों का विवरण व परीक्षा फीस विवि में जमा करा दें.

फीस का सत्यापन किया जायेगा. इसके बाद एडमिट कार्ड जारी होगा. पिछली कुछ परीक्षाओं में विद्यार्थियों का रिकॉर्ड नहीं भेजे जाने से परेशानी हुई है. इसे देखते हुए विवि ने एडमिट कार्ड जारी करने से पूर्व ही इसका सत्यापन करने का निर्णय लिया है. इधर, विवि इस सत्र की परीक्षा इसी महीने के अंतिम सप्ताह तक शुरू करने के संबंध में तैयारी कर रहा है. द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में शामिल होंगे. दो बार तृतीय वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को भी इसमें मौका दिया गया है. वहीं विशेष परीक्षा वाले विद्यार्थियों को सशर्त फॉर्म भरने को कहा गया है. यदि वे द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होते हैं तो तृतीय वर्ष का रिजल्ट मान्य नहीं होगा. बता दें कि वार्षिक सिस्टम में यह तृतीय वर्ष की आखिरी परीक्षा होगी. इसी सत्र के बाद से स्नातक में चार वर्षीय कोर्स लागू किया गया है.

## पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आज से शुरू होगी

बीआरएबीयू की ओर से सोमवार से पीजी सत्र 2024-26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी. इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. इस परीक्षा मे 11 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. कुछ विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड मे गड़बड़ी है. तिथि, नाम व अन्य कॉलम खाली हैं. इस कारण छात्र परेशान हैं. बकरीद और अगले दिन रविवार के कारण विवि मे अवकाश था. इसके अगले दिन से परीक्षा शुरू हो रही है. विवि के नये व पुराने परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है. दो जुलाई तक अलग-अलग विषयों की परीक्षा ली जायेगी. इसके बाद तीन से 12 जुलाई तक प्रायोगिक परीक्षा व वाइवा लिया जायेगा. बता दे कि इस सत्र की कक्षाएं अप्रैल से ही शुरू हुई हैं. इसके बाद दो माह से भी कम कक्षाएं संचालित हुई हैं. मई के अंत में ग्रीष्मावकाश हो गया. इसका सिलेबस भी पूरा नहीं हो सका है. ऐसे मे आधी-अधूरी तैयारी के साथ विद्यार्थी पीजी के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा मे शामिल होंगे. सत्र नियमित करने के उद्देश्य से विवि जल्दीबाजी मे परीक्षा आयोजित कर रहा है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन कर ले.